# लखनऊ की पीटीसी कंपनी ने यूके की टीएसपीएल का अधिग्रहण किया

जागरण संवाददाता • लखनऊ : एयरोस्पेस, रक्षा, ऊर्जा और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में काम करने वाली लखनऊ की पीटीसी इंडस्ट्री के नाम एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। करीब दस हजार करोड़ की कंपनी पीटीसी ने यूनाइटेड किंगडम स्थित ट्रैक प्रिसिजन सोल्यूशंस लिमिटेड (टीएसपीएल) को खरीद लिया है। इस तरह पीटीसी कंपनी का विस्तार अब लंदन तक हो गया है। पीटीसी के निदेशक सचिन अग्रवाल ने दैनिक जागरण को टीएसपीएल के पूर्ण अधिग्रहण होने की जानकारी दी।

सचिन ने बताया कि विमानन, रक्षा और बिजली उत्पादन के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाली यूके की ट्रैक प्रिसिजन सोल्यूशंस लिमिटेड (टीएसपीएल) का अधिग्रहण कर लिया गया है। समझौता कितने में हुआ कंपनी ने अभी इसकी अधिकृत जानकारी नहीं दी है। पीटीसी ने 20 अक्टूबर को इस संबंध में एक समझौता किया था, तब से प्रक्रिया चल रही थी। इस वर्ष की शुरुआत में पीटीसी इंडस्ट्रीज को इंग्लैंड से एम777 अल्ट्रा-लाइटवेट होवित्जर तोपों के निर्माण के लिए आवश्यक टाइटेनियम कास्टिंग की आपूर्ति का आर्डर मिला था। कंपनी ने अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए इस

## डिफेंस कारिडोर में टाइटेनियम रीसाइक्लिंग प्लांट लगा रही कंपनी पीटीसी होवित्जर तोपों के निर्माण को कास्टिंग की आपूर्ति करेगी



सचिन अग्रवाल • जागरण

खरीद को मंजूरी दी है। सचिन ने कहा, कंपनी उड्डयन और रक्षा क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पर काम कर रही है।

लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल प्लांट में कास्टिंग आपूर्ति के अलावा फ्रांस की डसाल्ट एविएशन के साथ भी समझौता किया है। पीटीसी लखनऊ में डिफेंस कारिडोर में टाइटेनियम रीसाइक्लिंग प्लांट स्थापित करने के लिए 300 करोड़ रुपये का निवेश किया है। भारत सरकार की मेक इन इंडिया नीति को आगे बढ़ाते हुए पीटीसी सफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन के लिए भी टाइटेनियम-कास्टिंग पार्ट्स का उत्पादन करेगी।